हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 9 जनवरी 2026



04 संगठनात्मक कार्यों से विचारधारा जनजन...



07 तीसरे दिन भी शहर में महकमे का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी



### गुना बार की लायब्रेरी में स्टडी सर्किल का शुभारंभ

# नॉट गिल्टी का सिंद्यात है मैया मोरी, मैं नाहीं माखन खायोः न्यायधीश मिश्र

## गुना बार ने किया प्रेस क्लब अध्यक्ष का सम्मान, लोढा ने किया वादा- गुना बार को करेंगे हर संभव मदद







हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कानून हमारे आसपास है, उसके केवल समझने की जरूरत है। कानून कोई कठिन नहीं है। कल्पना कीजिए राष्ट्रकवि सूरदास ने 16वीं सदी में यह पद लिखकर नॉट गिल्टी का सिंद्यात दिया, भैया मोरी मैं नहीं माखन खायो, यह हम चार्ज बनाते समय लिखते हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने आगे लिखा-भोर भयो गैयन के पाछे, मधुवन मोहि पठायो, यह बात प्ली ऑफ एलीबाई से मेल खाता है, यहीं तक नहीं उन्होंने यह भी लिखा, चार पहर बंसीबट भटक्यो, सांझ परे घर आयो, यहीं अन्यंत्र इस स्थिति में थे कि दिनभर नहीं थे, शाम को घर आए। सोचिए भारतीय साक्ष्य अधिनियम में यही तो वह बातें जो हमारे भजन और ग्रंथों में मिलती हैं। यह बात प्रधान जिला न्यायधीष एवं सत्र न्यायधीष अमिताभ मिश्र ने कोर्ट परिसर में स्थित न्यायधीष संजीव दत्ता लाइब्रेरी में स्टडी सर्किल के शुभारंभ अवसर पर कहीं।

उन्होंने पढ़ाई के प्रति नवीन अधिवक्ताओं को प्रेरित करने के लिए कहा कि हमारे समाज में कानून सदियों से है। टीबी चल रही है और पिता ने कहा, बंद करो इसे, यह कानून है, बस कोडिफाइड नहीं है। दो भाई झगड़ गए, आपने ने सुलझाया, उस समय आप न्यायधीष की भूमिका में हो। इसलिए इस स्टडी सर्किल का खूब लाभ लीजिए। सबसे पहले एडवोकेसी को समझिए। क्लाइंट के प्रति क्या कर्तव्य हैं, उन पर बात की कीजिए।

बेल, चीफ, क्रोस एग्जामिनेषन आदि के बारे में भी बताया जाएगा। आप एडवोकेटी में कॉन्फीडेंस रखिए। भारतीय साक्ष्य अधिनियम क कई नियमों को उन्होंने अधिवक्ताओं के समक्ष बड़ी सरलता से रखा। प्रधान जिला न्यायधीष मिश्र ने कहा कि हमारे बीच प्रेस क्लब के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढ़ा जैसे भामाषाह भी हैं, जो हर संभव मदद करने तैयार हैं। जिला जज ओपी सिंह रघुवंशी, जिला जज सुरेश सूर्यवंशी, जिला जज शैलजा गुप्ता, जिला जज सोनल शर्मा ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि हम अपनी समस्याओं को लेकर प्रधान जिला जज साहब से लेकर आपस में डिस्कस करते है, इससे उस समस्या का हल निकलता है। सीजेएम मधुलिका मुले ने कहा कि जब हम तैयारी कर रहे थे, तो माता-पिता ने कोचिंग भेजा, वहां जाकर जो माहौल मिला, उससे तैयारी करने में बहुत मदद मिली, यह स्टडी सर्किल आपको तैयारी करने में काफी मददगार साबित होगा। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भूपनारायण सिंह सोलंकी ने स्टडी सर्किल की पूरी संकल्पना को बताया। कार्यक्रम में गुना बार अध्यक्ष सोलंकी एवं सचिव एसएस लिटौरिया ने प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंद सिंह लोढ़ा को स्टडी सर्किल हेतु बैठक व्यवस्था करने के लिए सम्मानित किया। वर्ष 2025 में सनद लेने वाले 100 नवीन अधिवक्ताओं को अधिवक्ता बेंड और पेन देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

### हम हर संभव मदद करने तैयार-लोढ़ा

प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंद सिंह लोढ़ा ने कहा कि गुना बार अध्यक्ष ने मुझ से लाइब्रेरी के लिए सहयोग करने की इच्छा जाहिर की, मुझे खुशी है कि नवीन अधिवक्ता इस लाइब्रेरी में बैठकर ज्ञान अर्जन कर सकेंगे। मैं आपके लिए हमेषा मदद के लिए तैयार हूं। लाइब्रेरी में कानून की बुक्स, जर्नल आदि की जो भी जरूरत हो, चाहे ऑनलाइन स्टडी मटेरियल उपलब्ध कराया जाएगा। आप जो भी रचनात्मक काम करना चाहते हैं, हम उसमें आपके साथ हैं।

### पत्रकार भवन की आत्मनिर्भरता को सराहा

स्टडी सर्किल के शुभारंभ अवसर पर गुना बार अध्यक्ष सोलंकी ने बताया कि गुना में प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंद सिंह लोढ़ा ने पत्रकार भवन बनाकर पूरे मध्य प्रदेष में अनूठी मिसाल पेष की है। इतना ही नहीं, इस भवन में विद्युत कनेक्षन तक नहीं है, उसमें सौर उर्जा से स्थापित प्लांट लगाकर उर्जा में भी आत्मनिर्भरता की अनूठी पहल की है।

### ये रहे उपस्थित

स्टडी सर्किल के शुभारंभ अवसर पर गुना बार के मुनेष रघुवंशी, विक्रम बोहरे, विवेक रघुवंशी, अंजूला सोनी, राजेश राठिया, संध्या श्रीवास्तव, फकरुनिशा कुरैशी, हर्षवर्धन सिसोदिया, अमरीश रघुवंशी, जीतेंद्र धाकड़, दीपक मीना, करण सिंह परिहार, प्रदीप शर्मा, शिशुपाल सिंह यादव, अजय मिश्रा।

## समाचार संक्षेप

### अतिक्रमण हटाने संयुक्त दल, कॉलोनियों में बोर्ड लगाना अनिवार्य




**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कुछ अधिकारी वीसी के माध्यम से भी बैठक में जुड़े।कोर्ट हियरिंग और कार्यालय अनुशासन पर सख्त निर्देश कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी राजस्व अधिकारी निश्चित समय पर कोर्ट हियरिंग करें। लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति नहीं होने पर अधिकारियों की अपने कार्यालय में उपस्थिति अनिवार्य होगी। उन्होंने कहा कि एसडीएम और तहसीलदारों की कोर्ट टाइमिंग फिक्स न होना गंभीर विषय है, इसमें तत्काल सुधार किया जाए।

### यातायात नियमों एवं सुरक्षित सड़क व्यवहार की छात्राओं को दी गई सशक्त जानकारी



**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में एएसपी मानसिंह ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन तथा डीएसपी ट्रैफिक मुकेश कुमार दीक्षित के पर्यवेक्षण में सडक़ सुरक्षा माह 2026 के दृष्टिगत यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अजयप्रताप सिंह ने अपने यातायात बल के साथ साथ केंट स्थित पीएम श्री कन्या विद्यालय में एक व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस आयोजन का उद्देश्य आमजन, विशेषकर छात्राओं में सडक़ सुरक्षा के प्रति समझ और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। इस अवसर पर टीआई ट्रैफिक अजय प्रताप सिंह ने विद्यालय में अध्ययनरत लगभग 250 छात्राओं को यातायात एवं सडक़ सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी गई ।

### भूमि की जांच पड़ताल के बाद ही खरीदें प्लाट कालोनाईजर लगाएंगे अपनी-अपनी साइट पर बोर्ड

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की ओर से गुना जिले में प्लाट संपत्ति खरीदने वालों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है कि जिस स्थान अथवा कॉलोनी में प्लाट खरीद रहे हों, तो पहले उसकी जांच पड़ताल कर लें। अवैध कालोनियों में प्लाट खरीदने से बचें, इसके साथ ही उन्होंने कॉलोनाइजरों को निर्देश दिये है कि अपनी-अपनी कॉलोनी साइड पर बोर्ड लगाकर उस पर जानकारी प्रदर्शित की जायें। इस जानकारी में कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रेशन, टीएनसीपी की मंजूरी का क्रमांक, डायर्वसन तथा भूमि जिससे खरीदी गई है, उसका रजिस्ट्री क्रमांक, नाम आदि जानकारी अंकित करना होगी।

### कलेक्टर ने किया गुलाब क्लस्टर का निरीक्षण अंतरराष्ट्रीय बाजार में बिक्री की तैयारी तेज

**गुना।** कलेक्टर किशोर कन्याल ने उद्यानिकी विभाग द्वारा गुना एवं आरोन विकासखंड के चयनित ग्रामों में स्वीकृत 20 एकड़ के नवीन गुलाब पॉलीहाउस क्लस्टर के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का विगत दिवस निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री कन्याल ने आरोन विकासखंड के ग्राम रिजौदा, जो इस क्लस्टर का एक चयनित ग्राम है, पहुंचकर किसानों द्वारा लगभग 5 एकड़ क्षेत्र में निर्माणाधीन पॉलीहाउस इकाइयों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों, उप संचालक उद्यान एवं निर्माण एजेंसी से संवाद कर पॉलीहाउस निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण, तकनीकी मानकों के पालन एवं समयबद्ध पूर्णता के निर्देश दिए।



## दुर्ग एक्सप्रेस में यात्री का बैग पार, गुना के पास हुई वारदात, सोने के टॉप्स सहित हजारों का माल चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जयपुर से दुर्ग की यात्रा कर रही एक महिला यात्री का बैग चलती ट्रेन में अज्ञात चोर ने पार कर दिया। घटना ट्रेन नंबर 18208 दुर्ग साप्ताहिक एक्सप्रेस के कोच बी-2 में घटित हुई। मामला जीआरपी थाना सागर में जीरो एफआईआर के तौर पर दर्ज होने के बाद अब अग्रिम जांच हेतु जीआरपी गुना को स्थानांतरित किया गया है।फरियादिया सुयश लोढ़ा ने बताया कि वह अपनी बर्थ नंबर 17 पर यात्रा कर रही थी। तडक़े करीब 3 बजे उसकी नींद लग गई थी, सुबह 6 बजे जब गुना स्टेशन के आसपास नींद खुली तो देखा कि उनका नीला बैग गायब था। बैग में दवाइयां, ड्राई फ्रूट्स और स्काउट गाइड का सामान था। सबसे अधिक नुकसान सोने के टॉप्स का हुआ, जिनकी कीमत लगभग 25 हजार रुपये बताई गई है। कुल चोरी गए सामान की कीमत 30,500 रुपये आंकी गई है। गुना जीआरपी ने बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत मामला कायम कर अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी है।साड़ा कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरीइधर जिले के राघौगढ़ थानांतर्गत साड़ा कॉलोनी स्थित एचडीएफसी बैंक के पास से एक अज्ञात चोर बाइक पार कर ले गया। फरियादी विशाल सैनी निवासी बरवटपुरा ने पुलिस को बताया कि 7 जनवरी की शाम उनका छोटा भाई प्रदुमन सिल्वर रंग की होंडा शाइन एसपी एमपी 08-7238 लेकर एक कार्यक्रम में गया था। बाइक को दिनेश सैनी के घर के सामने खड़ा किया गया था, लेकिन जब भाई वापस लौटा तो वाहन वहां से नदारद मिला। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का सुराग न मिलने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

## आरोन पुलिस की बड़ी कार्रवाईः मातामूड़रा में मंदिर के पीछे जुआ खेलते 5 दबोचे, नकदी और ताश जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने जुआरियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए पांच व्यक्तियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मुखबिर की सटीक सूचना पर ग्राम मातामूड़रा में अंजाम दी गई। जानकारी के अनुसार पुलिस को गश्त के दौरान सूचना मिली कि माता मंदिर के पीछे कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगा रहे हैं। प्रभारी थाना प्रभारी उपनिरीक्षक पंकज कुशवाह के निर्देशन में पुलिस टीम ने मंदिर की दीवार की ओट से घेराबंदी कर दबिश दी।

यहां पकड़े गए आरोपियों की पहचान गजराज सिंह जादौन, नथन सिंह अहिरवार, नारायण सिंह, कमल सिंह और गोपाल अहिरवार के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से कुल 4500 रुपये नगद और 52 पत्तों की एक ताश की गड्डी विधिवत जब्त की है। पुलिस ने सभी पर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर भूमि पूजन संपन्न

**गुना।** ग्रामीण खंड म्याना के खुटियावद मंडल में आगामी दिनों में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों का शुभारंभ विधिवत भूमि पूजन के साथ किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।इस अवसर पर खुटियावद मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों से बड़ी संख्या में समाजजन, मातृशक्तिएवं युवा वर्ग की गरिमामयी उपस्थिति रही। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कर आगामी हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

### सिंधिया की पहल लाई रंग अब मूकमाटी एक्सप्रेस के नाम से जानी जाएगी जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी

गुना । क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय संचार व पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से जैन समाज की एक बड़ी मांग पूरी हो गई है। सिंधिया की विशेष अनुशंसा पर रेल मंत्रालय ने गाड़ी संख्या 11701/11702 जबलपुर-रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस इंटरसिटी का नाम बदलकर मूकमाटी एक्सप्रेस करने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि गुना, अशोकनगर, शिवपुरी सहित श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पटनागंज (सागर) के अध्यक्ष राकेश कुमार जैन ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया को पत्र सौंपकर इस ट्रेन का नामकरण राष्ट्रसंत आचार्य विद्यासागर जी महाराज की सुप्रसिद्ध रचना मूकमाटी के नाम पर करने का अनुरोध किया था। जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सिंधिया ने तत्काल रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर इस संबंध में उचित कार्रवाई का आग्रह किया था। रेलवे बोर्ड ने जारी किए निर्देशसिंधिया की सक्रियता के परिणामस्वरूप, रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक (कोचिंग) ने 7 जनवरी 26 को आदेश जारी कर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (बिलासपुर) और पश्चिम मध्य रेलवे (जबलपुर) को निर्देश दिए हैं कि इस ट्रेन का नाम तत्काल प्रभाव से मूकमाटी एक्सप्रेस किया जाए।

### इंदौर कांड के बाद भी लापरवाह प्रशासन

## निचला बाजार में गटर का पानी नलों में मिल रहा




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

इंदौर में सामने आए जलजनित बीमारी के गंभीर कांड के बाद भले ही प्रशासन ने पानी की टंकियों की सफाई और औपचारिक निरीक्षण शुरू कर दिए हों, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। शहर में पीने के पानी और गटर के गंदे पानी की खतरनाक मिक्सिंग खुलेआम जारी है, जिससे आम नागरिक भय और असुरक्षा के साए में जीने को मजबूर हैं।ताजा और बेहद चिंताजनक मामला शहर के निचला बाजार क्षेत्र से सामने आया है। यहां नल की मुख्य पाइपलाइन लंबे समय से फूटी हुई है और सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह पाइपलाइन सीधे गंदे नाले के भीतर से होकर गुजर रही है। ऐसे में नाले का दूषित पानी नल की लाइन में मिलना स्वाभाविक हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नलों से आने वाले पानी में बदबू है, रंग बदल रहा है और कई बार कचरा तक दिखाई देता है।क्षेत्रवासियों ने गटर का गंदा पानी पीने के पानी में मिलने की कई बार नगर पालिका और संबंधित विभागों में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला, समाधान नहीं। लोगों का आरोप है कि अधिकारी मौके पर आकर देखकर चले जाते हैं, लेकिन न तो पाइपलाइन बदली जाती है और न ही नाले से उसे अलग किया जाता है।इस गंभीर लापरवाही के चलते क्षेत्र में डायरिया, उल्टी-दस्त, टाइफाइड और त्वचा रोगों के फैलने का खतरा लगातार बढ़ रहा है। लोग अपने बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर खासे चिंतित हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अगर समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो यहां भी इंदौर जैसी भयावह स्थिति बन सकती है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब प्रशासन इंदौर कांड से सबक लेने की बात कर रहा है, तो फिर ऐसी घोर लापरवाही क्यों बरती जा रही है? क्या किसी बड़े हादसे या मौत के बाद ही सिस्टम जागेगा? निचला बाज़ार के लोग अब चेतावनी दे रहे हैं कि यदि जल्द समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन और सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे।यह मामला न सिर्फ प्रशासन की उदासीनता को उजागर करता है, बल्कि यह भी बताता है कि साफ पानी जैसे बुनियादी अधिकार के लिए भी आम जनता को संघर्ष करना पड़ रहा है।



काफी दिनों से नलों में मटमेला पानी आ रहा था। नगर पालिका सफाई की तो पाइप फूटा हुआ था। नपा जल्दी पाइप लाइन को जुड़वाया जाए।
**-अनिल भार्गव**, रहवासी



काफी दिनों से रपटा के पास पानी पाइप फूटी पड़ी है। नपा जल्दी पाइप लाइन को जुड़वाया जाए। जिससे कोई बडी दुघटना न हो सके।
**-ओमप्रकाश अवस्थी**, रहवासी



इंदौर में गंदा पानी पीने से बड़ा हादसा हुआ है, गुना नगरपालिका को भी सबक लेना चाहिए। जल्दी से पाइप लाइन ठीक कराएं।
**-युवा**, रहवासी

### म्याना-पगारा में होंगे कार्यक्रम, कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर तैयारियां पूरी

# सिंधिया आज करेंगे दो ट्रेनों के स्टॉपेज का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज गुना जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात देते हुए दो महत्वपूर्ण ट्रेनों के स्टॉपेज का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।जारी कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज रात्रि करीब 8 बजे शिवपुरी से सड़क मार्ग द्वारा बमौरी विधानसभा क्षेत्र के म्याना पहुंचेंगे। म्याना रेलवे स्टेशन पर वे ग्वालियर–भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस के स्टॉपेज का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर वे जनसभा को भी संबोधित करेंगे और क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखेंगे। लंबे समय से म्याना क्षेत्र के नागरिक इस ट्रेन के स्टॉपेज की मांग कर रहे थे, जो अब पूरी होने जा रही है।इसके पश्चात सिंधिया रात्रि लगभग 9 बजे भोपाल–जोधपुर एक्सप्रेस के पगारा रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज का समारोहपूर्वक शुभारंभ करेंगे। इस स्टॉपेज से पगारा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और क्षेत्र की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी।केंद्रीय मंत्री के म्याना आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार के नेतृत्व में म्याना मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में म्याना मंडल के अंतर्गत डुंगासरा, म्याना और टकनेरा शक्ति केंद्रों के कुल 32 बूथों के समिति सदस्यों के साथ पार्टी की कामकाजी बैठक हुई।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार संगठन को और अधिक मजबूत करने, जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा आज के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।बैठक के उपरांत पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने म्याना रेलवे स्टेशन पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष शुभम रघुवंशी, मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव, जिला पंचायत सदस्य दामोदर शर्मा, सरपंच जयनारायण सोनी, मुकेश जाटव, कुलदीप गोयल सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।दोनों ट्रेनों के स्टॉपेज शुरू होने से क्षेत्र के यात्रियों, व्यापारियों और विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा और गुना जिले के रेल मानचित्र में एक नई उपलब्धि जुड़ जाएगी।



**समाचार संक्षेप**

### ग्राम पंचायत पेची व कम्युनिटी हॉल चाचौड़ा में आयोजित हुआ चिन्हांकन शिविर



**चांचौड़ा।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार नगर परिषद चाचौड़ा एवं ग्राम पंचायत पेची में वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनो को सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वृद्धजन एवं दिव्यांग कुल 163 हितग्राही उपस्थित हुए, शिविर में उपस्थित हितग्राहियों में से पात्रता अनुसार 96 हितग्राहियों का सहायक उपकरण हेतु चिन्हांकन हुआ। चिन्हांकन शिविर में एलिमको जबलपुर से नरेंद्र कुमार पी एंड ओ, कृष्ण मौर्य ऑडियोलॉजिस्ट, महेंद्र कुमार पी एंड ओ एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह किरार, सचिव प्रेमनारायण लववंशी ग्राम रोजगार सहायक जय प्रकाश मीणा एवं जनपद चाचौड़ा एवं नगर परिषद चाचौड़ा के कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर शिविर को सफल बनाया।

### रोटरी मेडिकल मिशन के तहत चंपावती में लगा स्वास्थ्य शिविर, 200 से अधिक रोगियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**चांचौड़ा।** नर सेवा ही नारायण सेवा भाव को चरितार्थ करते हुए मध्यप्रदेश शासन एवं माधव राव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन एवं रोटरी क्लब गुना एवं रोटरी क्लब गुना रॉयल के सयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चाचौड़ा (चंपावती) में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का विधिवत शुभारंभ रोटरी अध्यक्ष सीए ब्रजेश अग्रवाल, सचिव राजकुमार मंगल, शिविर संयोजक विकास जैन नखराली एवं जगमोहन बंसल, सुनील अग्रेश, समाजसेवी चंद्रशेखर मीणा, विनोद मीणा सहित उपस्थित डाक्टरों की टीम के साथ मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। शिविर संयोजक विकास जैन ने बताया कि शिविर में जिला चिकित्सालय गुना के डॉक्टर नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक गोयल, हड्डी रोग विषेषज्ञ डॉ वीरेंद्र धाकड़, महिला रोग विषेषज्ञ डॉ अंजली सिंह, दंत रोग विषेषज्ञ डॉ अंकिता राजपूत, एम डी मेडिसिन डॉ आर एस राजपूत, डॉ आनंद जैन, एवं डॉ रोहित मालवीय सहित उपस्थित डाक्टरों की टीम द्वारा 200 से अधिक रोगियों का स्वास्थ परीक्षण कर उचित परामर्श दिया एवं गंभीर मरीजों को चिन्हित कर ऑपरेशन सिलेक्शन के लिए जिला अस्पताल गुना रेफर किया गया। रोटरी अध्यक्ष सीए अग्रवाल ने बताया कि अगला कैम्प 8 जनवरी 2026 को मृगवास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगाया जाएगा। जिसको लेकर संस्था द्वारा क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक रोगियों से स्वास्थ लाभ लेने का आग्रह किया गया है।

# संगठनात्मक कार्यों से विचारधारा जनजन तक पहुंचाएं कार्यकर्ताः सिकरवार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने गुना विधानसभा के अंतर्गत कैंट एवं पगारा मंडल की अलग-अलग शक्ति केंद्रों की बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, दिशा और संकल्प का संचार किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक वैचारिक और सामाजिक आंदोलन है। इस आंदोलन की आत्मा उसका समर्पित कार्यकर्ता है, जो अनुशासन, सेवा और संगठन के मूल मंत्र को लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचता है। कार्यकर्ता को भाजपा की विचारधारा का संवाहक बनकर सरकार की योजनाओं, संगठन के संदेश और राष्ट्रहित के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना होगा। बूथ की मजबूती और संगठन की शक्ति से ही चुनावों में ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित होती है, इसलिए आप सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों में संगठन को और मजबूती देने के लिए कार्य करें।

सिकरवार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अंत्योदय, सुशासन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं।। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार जनकल्याण, विकास और प्रशासनिक पारदर्शिता के नए आयाम स्थापित कर रही है। इन ऐतिहासिक उपलब्धियों को केवल घोषणाओं या आंकड़ों तक सीमित न रखते हुए, लाभार्थियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव के रूप में जनता के बीच प्रस्तुत करना कार्यकर्ताओं की बड़ी जिम्मेदारी है। सरकार और समाज के बीच सेतु की भूमिका निभाते हुए, कार्यकर्ता पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सक्रिय सहयोग करें। जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार को कैंट मंडल के अंतर्गत अटल शक्ति केंद्र के आठ बूथ व कैलाश जोशी शक्ति केंद्र के छह बूथ,वहीं पगारा मंडल के अंतर्गत मावन शक्ति केंद्र के पांच बूथ व पिपरिया शक्ति केंद्र के चार बूथों की बूथ समिति के सदस्यों की बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान मंडल अध्यक्षद्वय रामकुमार शर्मा,नरेंद्र कुशवाह, पूर्व नपा अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, सतीश अरोरा, देवेन्द्र सोलंकी, हेमा क्षत्रिय, शिशुपाल यादव, सतेंद्र जाट, कृष्णपाल यादव, भोला रघुवंशी आदि उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

समाजसेवीअखिल भारतीय कायस्थ महासभा, दिल्ली पंजीकृत के प्रदेश अध्यक्ष एवं वेयर हाउस राघौगढ़–बमौरी के शाखा प्रबंधक राजेश श्रीवास्तव का जन्मदिन हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर समाजजनों, शुभचिंतकों एवं सहयोगियों द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण एवं शुभकामनाएँ देकर उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सफल नेतृत्व की कामना की गई।राजेश श्रीवास्तव द्वारा सर्वप्रथम आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर पहुंचकर मंदिर में विराजमान सभी देवताओं की पूजा अर्चना कर दर्शनलाभ प्राप्त किए कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने श्री श्रीवास्तव के सामाजिक योगदान, संगठन के प्रति समर्पण तथा कार्यकुशल नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा निरंतर सशक्त हो रही है। वे समाज को संगठित करने के साथ-साथ युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।जन्मदिन समारोह में केक काटा गया तथा सभी उपस्थितजनों ने उन्हें शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## नगर परिषद् आरोन स्थित संपवेल का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

गुरुवार को मुख्य नगर परिषद् अधिकारी दिनेश कुमार सोनी , उपयंत्री मोहित बिजोले द्वारा संयुक्त रूप से नगर परिषद् आरोन स्थित संपवेल का निरीक्षण किया। एवं सम्पवेल की पुताई कराई गई। साथ ही दिनांक 6 जनवरी को जांच हेतु पानी के सैंपल लिए गए जिसमें रिपोर्ट अनुसार सैंपल शुद्ध (पानी पीने योग्य)पाए गए। सीएमओ एवं उपयंत्री ने नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल गुणवत्ता बनाए रखने, सतत जल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने पर विशेष जोर दिया।

# आरोन भाजपा मंडल अध्यक्ष बने सुरजीत सिंह धाकड़, समर्थकों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन



भारतीय जनता पार्टी आरोन मंडल में सुरजीत सिंह धाकड़ की अध्यक्ष पद पर ताजपोसी होने से क्षेत्र में उत्साह और हर्ष का माहौल है। ग्राम रायपुर निवासी सुरजीत सिंह धाकड़ एक शिक्षित, सरल एवं कर्मठ व्यक्तित्व के धनी माने जाते हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्राम से ही प्राप्त की, हाई स्कूल उत्तीर्ण करने के पश्चात आरोन कॉलेज से बी.ए. फाइनल तक स्नातक की पढ़ाई पूर्ण की।

शिक्षा के साथ-साथ वे एक सफल कृषक के रूप में भी क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखते हैं।जैसे ही सोशल मीडिया पर शाम 7:30 बजे भाजपा मंडल अध्यक्ष के रूप में सुरजीत सिंह धाकड़ के नाम का लेटर जारी हुआ, वैसे ही उनके समर्थकों, शुभचिंतकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। बधाई और शुभकामनाओं का सिलसिला सोशल मीडिया से लेकर प्रत्यक्ष मुलाकातों तक लगातार जारी रहा।इसी क्रम में आज सुबह आरोन धाकड़ महासभा के सभी सदस्यों द्वारा सुरजीत सिंह धाकड़ के निवास पर पहुंचकर भव्य रूप से स्वागत किया गया। इस दौरान साल, सोफा, श्रीफल एवं माल्यार्पण कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। ढोल-नगाड़ों की गूंज, आतिशबाजी और जयकारों के बीच समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।धाकड़ महासभा के सदस्यों एवं उपस्थित जनों ने विश्वास व्यक्त किया कि सुरजीत सिंह धाकड़ के नेतृत्व में भाजपा मंडल आरोन संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा।सुरजीत सिंह धाकड़ ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, वे उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे और संगठन को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना है।

# ट्रैफिक सेफ्टी-डे पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



ट्रैफिक सेफ्टी डे के अवसर पर यातायात पुलिस अशोकनगर द्वारा जिले में विभिन्न यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान यातायात पुलिस द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं अन्य लोडिंग वाहनों पर सुरक्षा की दृष्टि से रेडियम स्टीकर लगाए गए, जिससे रात्रि के समय दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। साथ ही कोलुआ रोड तिराहे पर अस्थाई रोटरी का निर्माण कर यातायात को सुव्यवस्थित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आम नागरिकों को पंपलेट, बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई एवं नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। इसी दिन थाना चंदेरी पुलिस द्वारा ग्राम कूकूतलैया में राहवीर योजना एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं राहगीर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राहगीरों को राहवीर योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुँचाकर उसकी जान बचाने पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा 25,000 रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। साथ ही नागरिकों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने के संबंध में जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त आपातकालीन वाहनों को रास्ता देने, नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने देने, यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग न करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाने के संबंध में भी आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई, जिससे सड़क सुरक्षा के प्रति जनभागीदारी को बढ़ावा मिल सके।



## ईसागढ़ कस्बा अतिक्रमण की चपेट में, अतिक्रमण हटाकर सख्त कार्रवाई की मांग

**ईसागढ़।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में जिले भर में अतिक्रमण मुहिम पर कार्यवाही कर नगर के मुख्य मार्गो पर अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण कर रखा है जिसे हटाने के लिए कलेक्टर आदित्य सिंह स्वयं खड़े होकर कार्यवाही कर अतिक्रमण मुक्त करवा रहे हैं जिससे नगर में यातायात व्यवस्था में जाम की स्थिति से राहत मिलेगी। लेकिन नगर परिषद ईसागढ़ में अतिक्रमण हटाने में कोई रुचि नहीं ली जा रही है।

अतिक्रमण हटाने के लिए 7 जनवरी को नगर परिषद ईसागढ़ एवं राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमण पर कार्यवाही कर बुलडोजर चलाने की बात केवल दिखावे तक ही सीमित रही है क्योंकि अतिक्रमण आज भी जस का तस बना हुआ है और अतिक्रमण कारियों के हौसले बुलंद है ऐसे में प्रशासन नाकाम साबित हुआ है और कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश का पालन केवल दिखाबा साबित हुआ है वास्तव में अतिक्रमण हटाने में कोई सख्ती नहीं दिखाई गई जिससे आज भी लोगों को आने जाने में काफी दिक्कत आ रही है। लोगो ने अपनी दुकानों के आगे जिस प्रकार से अतिक्रमण कर रखा है उससे लोगों को अपनी गाड़ी खड़ी करने के लिए रोड पर खड़ी करनी पड़ती है। वही हाथ ठेले वालों को जमीन चिन्हित कर दी फिर भी सड़क पर हाथ ठेले वाले खड़े दिखाई देते हैं और टीन शेड नालियों के ऊपर से सड़क के आगे तक किए है जिससे अतिक्रमण कार्यवाही संदेह के घेरे में है आखिर क्यों सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है और की जा रही है तो केवल गरीब लोगों पर जबकि रसूखदार लोगों द्वारा अतिक्रमण कर रखा है जिसकी शिकायत कलेक्ट्रेट जाकर भी की गई लेकिन आज तक उन रसूखदार अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन आज तक कार्यवाही करने से दूरी क्यों बना रखी है।

# गुम हुए 79 मोबाइल फोन सर्च कर उनके मालिकों को एसपी ने लौटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



नववर्ष के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में सायबर सेल अशोकनगर द्वारा आमजन के गुम हुए 79 मोबाइल फोन सर्च कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटाकर विशेष उपहार प्रदान किया गया। सर्च किए गए 79 मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 08 लाख रुपये आँकी गई है।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा नववर्ष के अवसर पर आमजन के गुम हुए मोबाइल फोन सर्च कर उनके मालिकों को वापस किए जाने के निर्देश सायबर सेल अशोकनगर एवं जिले के समस्त थाना प्रभारियों को दिए गए थे। इसी क्रम में सायबर सेल एवं सभी थानों के संयुक्त प्रयास से जिले के नागरिकों के गुम हुए मोबाइल फोन सर्च किए जाकर अशोकनगर सहित अन्य जिलों एवं राज्यों से बरामद किए गए। दिनांक 08.01.2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक जिला अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंपे गए। इस अवसर पर नागरिकों के चेहरों पर खुशियाँ लौट आईं। वर्तमान में गुम हुए मोबाइल फोन सर्च की सुविधा जिले के सभी थानों पर उपलब्ध करा दी गई है। अब नागरिकों को सायबर सेल कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। गुम मोबाइल की शिकायत संबंधित थाने में निम्न दस्तावेजों जैसे आवेदन पत्र, आधार कार्ड, मोबाइल फोन का बिल के साथ की जा सकती है।

### नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर की कार्रवाई

**अशोकनगर।** गुरूवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अति. पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर के मार्गदर्शन में गांधी पार्क पर आमजन को जाम की स्थिति से निजात दिलाने एवं सुगम यातायात बनाने के उद्धदेश्य से गांधी पार्क से रेल्वे स्टेशन रोड तक का प्रशासन द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर अतिक्रमण हटाया गया था। जिसके बाद कुछ वाहन चालकों द्वारा अनाधिकृत रूप से गांधी पार्क पर नो पार्किंग में वाहनों को खडा किया गया जिन पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में 06 वाहनों पर 3000 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। इसी क्रम में आज दिनांक में थाना यातायात द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 52 वाहन चालकों पर 31000 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। इस संपूर्ण कार्यवाही में रक्षित निरी. स्नेहा ठाकुर थाना प्रभारी यातायात, सूबेदार संतोष शर्मा, उनि. रामकुमार परिहार व अन्य थाना यातायात स्टाफ मौजूद रहे। साथ ही वाहन चालकों को हिदायत दी गई कि यातायात नियमों का पालन करें अत्यथा चालानी कार्यवाही जारी रहेगी।

## 48 घंटे में नाबालिग बालिका को किया दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



थाना कचनार द्वारा मात्र 48 घंटे में नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 05.01.2026 को फरियादी द्वारा थाना कचनार में आकर अपनी 16 साल 06 माह की नाबालिक बालिका के अपहृत होने की रिपोर्ट की थी जिस पर से थाना कचनार में अपराध क्रमांक 05/2026 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। मामले की गंभीरता देखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी कचनार उनि पूनम सेलर को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी कचनार उनि. पूनम सेलर द्वारा अपहृता की पतारसी हेतु टीम गठित कर सायबर सेल से प्राप्त तकनीकि साक्ष्यों के आधार पर नाबालिग की पतारसी शुरू की गई। टीम द्वारा गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करते हुये मात्र 48 घंटे में दिनांक 07.01.2026 को नाबालिग अपहृता को भादौंन के पास से आरोपी बलराम पिता अप्पू कुशवाह उम्र 22 साल निवासी सराय आमखेडा थाना मुंगलसराय जिला विदिशा के कब्जे से सकुशल दस्तयाब किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध सुसंगत धाराओ का इजाफा किया।

# श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान के मौके पर भव्य शोभा यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭राजपुर



राजपुर कस्बे में चल रहे हैं श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में दुर्लभ सागर महाराज के परम सान्निध्य में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान के समापन पर भगवान की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। चांदी की पालकी में श्रीजी कस्बे में निकले।

श्री दिगम्बर जैन विमान उत्सव का आयोजन सम्पन्न हुआ। चांदी की रजक पालकी में विराजमान शीतलनाथ भगवान को विराजमान करने का मौका बाँझल परिवार को मिला जिनमें सुभाष चंद्र जैन,अंजना, धर्मचंद जैन, संतोष कुमार जैन, विवेक जैन जनपद सदस्य,सोनू जैन सपरिवार को मिला। दूसरे रथ में सुगन चंद्र जैन, नरेश चंद्र जैन सपरिवार को मिला। तीसरा रथ सुमत जैन, शैलेश जैन,महावीर जैन सपरिवार को मिला। चैथा रथ अमित जैन, अंतिम जैन, सपरिवार को महावीर भगवान को विराजमान करने का मौका। मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज विमान उत्सव के दौरान अपनी देशना में कहा कि जीवन सार्थक रखना है तो दुख को बार बार ध्यान करोगे तो तुम्हे टेंशन होगी। इसलिए जो हो गया वह हो गया आपको ध्यान नहीं देना उस पर अगर ऐसा करोगे तो टेंशन से मुक्त हो जाएंगे। बहुत बड़ा दुख क्या आपके परिवार में किसी की भी मृत्यु हो गई हो तो आप बार बार उसी का ध्यान कर रोना आता है मरने वाला तो मर गया उस के दुख से दुखी व्योग में आप दुखी होंगे तो आपको टेंशन होगी एवं जो आपसे बिछड़ के चला गया आपके रोने से उसको दुख होगा। अपमान को सहन करने की क्षमता करें आपको अपमान नहीं करना है, अनीति का धन लगाकर जब जब आप कमाई करोगे तो आप अनीति की कमाई से नष्ट हो जाओगे। अगर किसी जीव पर अत्याचार कर रहे हो तो आप से भी अत्याचार होगा। जब जब अनीति का धन लगाओगे तब तब यही हाल होगा।

# जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत नहर कॉलोनी निवासी रामप्रसाद केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पिस्ता बाई, पूजा बाई और निशा कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी यशबिन जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राहुल प्रजापति और विशाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरौद निवासी संजय अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कृपाल, प्रसन्न और फूला बाई अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ निवासी सर्वेश बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वीरेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत नागघाटी ईसागढ निवासी हेमन्त सेहरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अनिल कुशवाह, भोला, धर्मेन्द्र कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से धर्मेन्द्र कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि हेमन्त सेहरिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बहेरिया रूपनगर निवासी सोनू लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धर्मेन्द्र लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। नईसरायं थाना क्षेत्र के रूकसार बानों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गुलस्ता बानो और सबीना बानो ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## खबर संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के महिला थाने के अंतर्गत ग्राम दयालपुर थाना ईसागढ निवासी रितु आदिवासी ने रिपोट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से दहेज की मांग को लेकर उसे शाररिक और मानसिक रूप से प्रताडित किया जा रहा था। जिस पर से पुलिस ने ससुराल पक्ष के अभिषेक, कृष्णाबाई, मयंक आदिवासी के विरूद्ध दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

### जुए के अड्डे पर छापामार कार्यवाही में जुआरी धरे

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत पुलिस ने रौतयाना मोहल्ला के पीछे ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए मोहम्मद राशिद, सलमान खान,महबूब खान, मोहम्मद खान, चन्दन, कप्तान आदिवासी, राकेश आदिवासी, संजू आदिवासी, रामलाल अहिरवार, पंकज जैन को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने 17 हजार 500 रूपए नगदी, और 2 मोबाईल और 2 बाईक बरामद की हैं। इसी प्रकार ईसागढ पुलिस ने ग्राम प्यासी के जामफल के बगीचें में ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए धम्मू ग्वाल, रामसिंह आदिवासी को गिरफ्तार किया है जिनके पास से ताश की गडडी और 4600 रूपए बरामद किए हैं।

### रबी फसलों का फसल बीमा 15 तक होगा

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी वर्ष 2025-26 में प्रत्येक बहुउद्देशीय सेवा सहकारी समिति (सोसायटी), कॉमन सर्विस सेन्टर एवं बैंकों के माध्यम से ऋणी एवं अऋणी कृषक 15 जनवरी 2026 तक अपनी अधिसूचित फसलों गेहूं, चना, सरसों, मसूर का फसल बीमा करा सकते हैं। किसानों को सलाह दी गई हैं कि अधिक-से-अधिक किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल बीमा कराए। जिले के अधिक-से-अधिक कृषकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ मिल सके। अऋणी कृषकों के फसल बीमा हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, भू-पुस्तिका/ बी-1 की छायाप्रति, बुवाई प्रमाण पत्र आवश्यक होगा।

### गरीबों को ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरित



**अशोकनगर।** करुणा निधि सेवा समिति ने वृद्ध बेसहारा और दिव्यांग लोगों को प्रत्येक वर्ष की भांति भोजन करवा कर ठंड से बचने के लिए गोपालगंज अशोकनगर में कंबल वितरित किए। इस दौरान साफ सुथरा रहने के लिए समिति अध्यक्ष ने प्रति माह की भांति साबुन वितरण भी करवाएं। इस मौके पर करुणानिधि सेवा समिति के अध्यक्ष माधव सिंह करैया, कोषाध्यक्ष पारस चंद जैन ,प्रदीप शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष अमर सिंह खजुरिया, रामबली सिंह डगोरा और अशोक रघुवंशी उपस्थित रहे।

---

### लोगों को मार्ग सुविधाजनक होने से राहत, हटाने के बाद फिर कब्जे शुरू

# तीसरे दिन भी शहर में महकमे का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जिला मुख्यालय होने के बाबजूद भी अतिक्रमण कारी अतिक्रमण करने से वाज नहीं आ रहे हैं जिन रास्तों से अतिक्रमण हटाया गया है उन रास्तों पर फिर अतिक्रमण शुरू हो गया है। गुरूवार को अतिक्रमण की कार्यवाही तो हुई लेकिन प्रशासन की सख्ती नजर नहीं आई। हालांकि प्रशासन के अधिकारी तो देखे गए लेकिन मुहिम के तेवर तीखे नहीं थे।

गुरूवार को अशोकनगर शहर की सूरत बदली देखी गई, शहर का गांधी चैक अतिक्रमण से मुक्त नजर आया, गुरूद्वारा भवन के आसपास जितना भी अतिक्रमण था वह तो हटाया ही गया साथ में यहां लगने वाले हाथ ठेलों को भी बेदखल किया गया। इसके अलावा गांधी चैक पर बने ओवर ब्रिज के नीचे जो अतिक्रमण वर्षों से रहता आ रहा था आज वह नजर नहीं आया, ऐसा लगा काश यह शहर पूरे वर्ष भर ऐसा ही बना रहे। पैदल चलने वालों ने भी राहत की सांस ली, महिलाएं भी सुरक्षित तरीके से निकलती नजर आईं। दो पहिया वाहन चालकों ने रास्तों को साफ सुथरा करने के लिए प्रशासन और नगरपालिका का आभार जताया और मांग की कि इन रास्तों को ऐसा ही साफ सुथरा रखा जाए।

**नालों पर कब्जा और पक्का अतिक्रमण होने से नालियां भरी नजर आईं** यह पूरी कार्यवाही एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी तहसीलदार भारतेन्दु यादव,



नगरपालिका सीएमओ विनोद उन्नीतान की उपस्थिति में पूरे दिन चलती रही, नगरपालिका का अमला इस अभियान में कार्यवाही करते हुए नजर आया। जेसेवी दो मशीनों को लगाया गया था, गांधी पार्क से पहले मिलन तिराहे तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई बाद में यह मुहिम मिलन तिराहे से एचडीएफसी तिराहे तक चली। इस कार्यवाही के दौरान यह देखने में आया कि अनेक दुकानदार अपनी दुकानों से अतिक्रमण स्वयं हटाते हुए नजर आए। जहां जहां नगरपालिका की नाली अथवा नाला बंद था उसे खुलवाया गया, मजेदार बात यह है कि लोगों ने ही नाले पर अतिक्रमण कर उसे बंद कर दिया था और अपनी दुकानें नाले के ऊपर तक बना ली थीं। यह समझ पाना मुश्किल था कि यहां नाला है या नही, यदि यह मुहिम नहीं चलती तो यह पता ही नही लगता कि यहां नाला भी है। सबसे बड़ी बात यह है कि नाले पर कब्जा तो है ही साथ में यह नालियां साफ सफाई करने का रास्ता नहीं मिलने के कारण गंदे पानी से सरावोर हैं। नालियां दिखे तो सफाईकर्मी काम करें जब नालियां ही नही दिखती तो सफाईकर्मी क्या सफाई करेगें। यह सब कुछ इस अतिक्रमण हटाने की मुहिम में देखने मिला।

**बिजली और टेलीफोन के खंबे भी बने हैं अतिक्रमण में बाधक** अभी तक शहर में जिन रास्तों पर अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई गई है उनमें अस्पताल चैराहे से आनंदपुर ट्रस्ट तक, गांधी चैक से रेलवे स्टेशन मार्ग और इन्द्रा पार्क तक, और तीसरी मुहिम गांधी पार्क से मिलन तिराहा होते हुए एचडीएफसी तिराहे तक चलाई गई। इस मुहिम में अभी शहर का आधा हिस्सा ही आया है ऐसी ही मुहिम नए बस स्टेण्ड, के साथ पछाडी खेडा रोड, वायपास मार्ग, पुराना बाजार आदि स्थानों पर भी चलाए जाने की जरूरत है ताकि यह मार्ग भी साफ सुधरे और अतिक्रमण से मुक्त हो सकें। कई जगह बिजली के खम्बे और ट्रांसफार्मर अतिक्रमण का कारण हैं तो टेलीफोन के खंबे हैं जबकि खंबों का जमाना चला गया हे उसके बाबजूद भी इन खंबो न तो विभाग ने हटाया न नगरपालिका ने हटाया, ऐसी स्थिति में यह खंबे भी अतिक्रमण की आढ़ बन रहे हैं जिन्हे भी हटाना जरूरी है।

---

### ब्लॉक, जिला व राज्य स्तर पर खेल

# खेलो एमी यूथ गेम्स 2025 को लेकर भूमिका निर्धारित हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 आयोजन संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश के निर्देशानुसर मध्य प्रदेश के समस्त जिलों में जूनियर आयु वर्ग में 28 खेलों की लोकप्रियता को दृष्टिगत रखते हुए खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 का आयोजन किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत 21 खेलों का ब्लॉक एवं जिला स्तर पर एवं 07 खेलों का आयोजन सीधे राज्य स्तर पर किया जाना है। ब्लॉक एवं जिला स्तर पर 21 खेल एथलेटिक्स, बास्केटबॉल,बैडमिंटन, बॉक्सिंग, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो खो, मलखंब, तैराकी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, टेबल टेनिस, योगासन, वॉलीबॉल, लेदर बॉल क्रिकेट, टेनिस, शतरंज, रस्साकसी एवं पिट्टू खेल में एवं 7 खेलो में, तायक्वोंडो, तलवारबाजी, रोइंग, क्याकिंग,शूटिंग, तीरंदाजी, थ्रोबॉल का आयोजन राज्य स्तर पर किया जायेगा, समस्त खेलों में निर्धारित आयु वर्ग के बालक, एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले सकेंगे ।

राज्य स्तर दलीय एवं व्यक्तित्व खेल के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को प्रथम पुरस्कार 31000 द्वितीय पुरस्कार 21000, तृतीय पुरस्कार 11000 एवं चतुर्थ पुरस्कार 7000 से पुरस्कृत किया जायेगा। जिला अशोकनगर में ब्लॉक स्तर चयन स्पर्धा एवं जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिताओ के सफल क्रियान्वयन हेतु गुरूवार को समस्त खेल संघों के सदस्यों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट कक्ष क्रमांक 29 में समन्वय बैठक अयोजित की गई। इस बैठक में समस्त खेल संघों के पदाधिकारी सहित जिले के समस्त खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहे। इस समन्वय बैठक में ब्लॉक एवं जिला स्तर प्रति खेलो एमपी यूथ गेम द्वारा 2025 के आयोजन की विस्तृत चर्चा की गई। बैठक मे सभी खेल संघों के पदाधिकारियों ने अपने अपने सुझाव दिये।

बैठक में जिला खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी, ओपी शर्मा क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग, बैडमिंटन संघ हरवंश जुनेजा, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक अवधेश शर्मा, के.ए.खान,खेल अधिकारी नेहरू महाविद्यालय राजेश राजेश नामदेव, कुश्ती संघ सतीश चैरसिया शतरंज, प्रहलाद श्रीवास्तव सेवा निवृत्त पीटीआई एवं मनोज राठौड़ ब्लॉक खेल अधिकारी मुंगावली, दिलीप रघुवंशी योगासन, के के बोहरे हॉकी संघ, शब्बीर खान कबड्डी, आदित्य शर्मा बास्केटबॉल संघ, पवन जाटव खेल शिक्षक आदि मौजूद थे।

---

### 40 सफाई कर्मियों के लिए ईपीएफ की प्रक्रिया होगी प्रारंभ

# सफाई कर्मियों की हड़ताल एसडीएम की मध्यस्थता से तीन दिन बाद हुई समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





नगर परिषद पिपरई के 80 सफाई कर्मी लगातार तीन दिन से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से सफाई व्यवस्था चरमरा गई थी। वह अपनी प्रमुखी मांगो को लेकर काम बंद हड़ताल पर पुरानी नगर परिषद चैराहे पर महिलाओं सहित धरने पर बैठे गए थे। पिछले 3 दिनों से सफाईकर्मचारियों की चल रही हड़ताल के बाद मुंगावली एसडीएम पिपरई पहुंचे और उनकी समस्याओं को प्रमुखता से सुना जिसके बाद एसडीएम की पहल पर सफाई कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है।

#### समस्याओं को सुना

गुरुवार को मुंगावली एसडीएम इसरार खान तहसीलदार ए.के गौतम सीएमओ अशोक वर्मा नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल यादव के समक्ष सभी सफाई कर्मियों की उपस्थिति में नगर परिषद में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सफाई कर्मियों की समस्याओं को सुना ओर उनका निराकरण किया गया। सभी सफाई कर्मचारियों की रजामंदी ली गई, शुक्रवार से सभी अपने-अपने काम पर वापिस लौट आएंगे।

#### इन मागों को पूरा करने पर चर्चा हुई

1 सीएमओ ने बताया कि अभी नगर परिषद के 15वार्डो में 80सफाईकर्मी रखे है ईपीएफ कटेगा तो मात्र चालीस कर्मियों का ईपीएफ काट सकते हैं। इसके लिए शासन से मांग करेंगे कि नगर परिषद कई ग्रामीण क्षेत्र जोड़कर बनाई गई है जिसका क्षेत्रफल बड़ा है उसके हिसाब से सफाईकर्मियों की संख्या कम है इसे बढ़ाया जाए। ओर इनकी संख्या 80 की जाए। जब पद स्वीकृत हो जाएंगे तब चालीस का पीएफ कटना संभव होगा। इस पर एसडीएम ने कहा कि इसकी प्रक्रिया तुरंत चालू की जाए।

2 समय पर वेतन प्रत्येक माह की एक तारीख से लेकर पांच तारीख तक सभी सफाई कर्मियों की वेतन उनके खातों में भेजी जाएगी।

3 एक माह की वेतन कई महीनों से रुकी पड़ी थी। वह वेतन इस वार के माह की वेतन के साथ डाली जाएगी।

4 17 महिलाओं की ई अटेंडेंस नहीं आ रही थी उनकी ई अटेंडेंस में टेक्नीशल इशू आई डी का आ रहा है उसको भी जल्द दूर करने का निर्णय लिया गया।

---

### अशोकनगर मंडी के वर्ष 2026 में 38 अवकाश

**अशोकनगर।** मण्डी में नीलामी के लिए पूरे वर्ष भर 2026 में अवकाश सूची जारी की गई है। शनिवार, रविवार को छोड़कर पूरे वर्ष में 38 दिन अवकाश घोषित किए गए हैं। मण्डी सचिव भागीरथ अहिरवार ने बताया कि जिन दिनों में अवकाश घोषित किया गया है उनमें 14 जनवरी को मकर सक्रांति, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, होली पर 3 मार्च से 5 मार्च तक अवकाश, 19 मार्च को गुडी पड़वा, 20 मार्च को चैती चांद, 21 मार्च को ईद उल फितर, 27 मार्च को रामनवमी,31 मार्च को महावीर जयंती, 1 अप्रैल को वार्षिक लेखाबंदी, 2 अप्रैल को हनुमान जयंती, 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे, 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती, 20 अप्रैल को परशुराम जयंती, 1 मई को बुद्ध पूर्णिमा, 27 मई को ईद उल जुआ, 17 जून को महाराणा प्रताप जयंती, 28 जून को मोहर्रम, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 26 अगस्त को मिलाद उल नवी, 28 अगस्त को रक्षा बंधन, 4 सिंतबर को जन्माष्टमी,14 सिंतबर को गणेश चतुर्थी, 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती, 22 सितंबर को डोल ग्यारस, 25 सितंबर को अनंत चर्तुदशी, 28 सिंतबर को जैन विमानोत्सव, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती, 19 अक्टूबर को महानवमी, 20 अक्टूबर को दशहरा, 26 अक्टूबर को बाल्मीक जयंती, 9 नंबवर से 11 नबवंर तक दीपावली उत्सव, 24 नबंवर को गुरू नानक जयंती, 2 दिसंबर को शांतिनाथ मंदिर वर्षगांठ, और 25 दिसंबर को क्रिशमष डे पर अवकाश घोषित रखा गया है। इस वर्ष संत रविदास जयंती, महाशिवरात्रि, रंगपंचमी, अग्रसेन जंयती, भगवान विरसा मुण्डा जयंती, रविवार के दिन पड़ रहे हैं।

---

# अशोकनगर पुलिस ने महाराष्ट्र में फंसे मजदूरों की कराई सकुशल घर वापसी

**अशोकनगर।** स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा संज्ञान में लाये जाने पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अशोकनगर जिले के महाराष्ट्र में फंसे मजदूरों की सकुशल घर वापसी कराई गई।

विगत दिनों स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा संज्ञान में लाया गया कि अशोकनगर जिले के मुंगावली विधानसभा क्षेत्र के कुछ महिला एवं पुरुष मजदूर रोजगार हेतु महाराष्ट्र गये थे, जो महाराष्ट्र के धाराशिव जिले के क्षेत्र में फंसे हुए हैं। मामले की संवेदनशीलता एवं गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा मजदूरों की सकुशल वापसी हेतु महाराष्ट्र राज्य के धाराशिव जिले के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर थाना प्रभारी मुंगावली एवं थाना प्रभारी बहादुरपुर को मजदूरों की शीघ्र एवं सुरक्षित घर वापसी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान मजदूरों से संपर्क किया गया। मजदूरों ने बताया कि लगभग एक से डेढ़ माह पूर्व मजदूरी करने महाराष्ट्र राज्य के ग्राम गिरोली थाना वासी जिला धाराशिव गये थे, परंतु वहां कार्य की विभिन्न प्रकार की स्थानीय परिस्थितियों के कारण वह वापस अपने घर नहीं लौट पा रहे थे। थाना प्रभारी मुंगावली उपनिरीक्षक अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी बहादुरपुर उपनिरीक्षक नीलम यादव द्वारा मजदूरों की सुरक्षित वापसी हेतु निरंतर प्रयास किए गए।

इसी क्रम मे पुलिस अधीक्षक अशोकनगर के निर्देशन में एक टीम गठित की गई, जिसमें सउनि रामसिंह नंदया थाना मुंगावली व आर. 643 उपेन्द्र को महाराष्ट्र रवाना किया गया जो उनके द्वारा महाराष्ट्र के ग्राम गिरोली थाना वासी जिला धाराशिव पहुंचकर मजदूरों को सुरक्षित स्वयं के व्यय पर बस द्वारा रेल्वे स्टेशन जालना औरंगाबाद के पास से मुंगावली स्टेशन लाया गया। आज दिनांक 08.01.2026 में सभी कुल 36 महिला, पुरुष मजदूर एवं बच्चे आज सकुशल अपने-



अपने घर वापस आ गये हैं, जिनके नाम इस प्रकार हैं- 1 कंछेरी पुत्र घूमा आदिवासी निवासी तेवरिया 2. कमल पुत्र गुलाब सिंह निवासी तेवरिया 3. गोलू पुत्र मिश्रीलाल निवासी दीपनाखेड़ा, 4. भजन लाल पुत्र कमरजीत निवासी दीपनाखेड़ा, 5. पप्पू पुत्र लाला राम निवासी बेलई, 6. गीता बाई पत्नि कंछेदी निवासी तेवरिया, 7. गुड्डी बाई पत्नि कमल सिंह निवासी तेवरिया, 8. मोतम सिंह पुत्र गुड्डा निवासी दीपनाखेड़ा, 9. रामवती पिता गुड्डा निवासी दीपनाखेड़ा, 10. गोपाल पुत्र भजन लाल निवासी दीपनाखेड़ा, 11. कला बाई पत्नि भजन लाल निवासी दीपनाखेड़ा, 12. शारदा पति भोला सिंह निवासी दीपनाखेड़ा, 13. हरिसिंह पुत्र लालाराम बेलई, 14. रवि पुत्र फूल सिह दीपनाखेड़ा, 15. रामस्वरुप पुत्र गौरव निवासी सरसेजा, 16. मोनिका पुत्री हरिसिंह निवासी बेलई, 17. छोटू पुत्र हरिसिंह निवासी बेलई, 18. मिथलेश पति हरिसिंह निवासी बेलई, 19. कल्लू पुत्र पन्नालाल निवासी बरबटपुरा, 20. किरन पत्नी पन्ना लाल, 21. मलखान निवासी बरबटपुरा, 22. रामू निवासी बरबटपुरा, 23. हल्की निवासी बरबटपुरा, 24. सुखवती निवासी खिरका, 25. राजाबाई निवासी खिरका, 26. सोनू निवासी खिरका, 27. रवि निवासी सिरसोरा, 28. कल्ला बेलई, 29. रामलेश निवासी बेलई, 30. कान्हा बरबटपुरा, 31 भूरी निवासी बरबटपुरा, व 05 बच्चे हैं।

---

# धुर्रा मंडल का हिन्दू सम्मेलन 18 को आयोजित होगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संपूर्ण भारतवर्ष में संघ शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में संगठन व सेवा के 100 वर्ष होने पर विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इसी कड़ी में धुर्रा मंडल का हिंदू सम्मेलन 18 जनवरी को संपन्न होने जा रहा है। इसी तारतम में हिंदू सम्मेलन भव्य व दिव्य हो उसके लिए ग्राम देरखा जाकर सर्व समाज के हिंदू भाई बहनों से हिंदू सम्मेलन में आने के लिए आग्रह किया और ग्राम वासियों से सहयोग राशि प्राप्त की जनसंपर्क के लिए पूर्व जिला कार्यवाह भूरे सिह रघुवंशी धुर्रा सुरेंद्र सिंह रघुवंशी रंजीत कुशवाह लखन रघुवंशी धुर्रा सुनील रघुवंशी देरखा सतीश पालीवाल मनोज शर्मा आदि ने ग्राम वासियों से जन सहयोग की राशि प्राप्त की जिसे लोगों ने खुश होकर प्रदान किया नरेंद्र पालीवाल कमल सिंह अशोक सिंह चंद्रभान सिह विश्वीर सिंह जय नारायण सिंह शिक्षक मुकेश रघुवंशी युधिष्ठिर सिह हमीर सिह कान्हा रघुवंशी केदार सिंह हरिओम शिक्षक राजकुमार गजेंद्र महेंद्र शिक्षक सौरभ रघुवंशी पुरुषोत्तम शर्मा राधे शरण रघुवंशी मोनू शर्मा रघुवीर सिंह रामकृष्ण सिंह जीवनलाल राय वृंदावन राय रामबाबू राय लल्लू प्रजापति आदि ने सहयोग राशि प्रदान की।

---

### कलेक्टर ने मेला आयोजन पर करीला में बैठक लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

# मेला तैयारियों के लिए कलेक्टर ने देखीं जरूरी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर







अशोकनगर जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां जानकी माता मंदिर करीला धाम पर आगामी 8 मार्च 2026 को रंगपंचमी के अवसर पर तीन दिवसीय वार्षिक मेला का आयोजन किया जाएगा। करीला मेला के आयोजन की पूर्व तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने बुधवार को करीला धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान करीला पहुंच मार्गों पर बने पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया।

उन्होंने पार्किंग स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं पेयजल, विद्युत, सुरक्षा, आवागमन, साफ सफाई के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पार्किंग एवं दुकानों हेतु टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि करीला धाम आने वाले वीआईपी मूवमेंट की उचित व्यवस्था रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने करीला में चल रहे निर्माण कार्य को समय सीमा में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल, लाइट, साफ सफाई के उचित प्रबंध रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मंदिर परिसर के अतिक्रमण को हटाए जाने के निर्देश दिए।

#### सड़कों को पक्का करने और पानी को लेकर निर्देश

उन्होंने मेला परिसर की सड़कों को पक्का किये जाने तथा रोड के दोनों ओर आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए दुकान न लगाये जाने के संबंध में सख्त निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कौंचा डेम पहुंचकर होमगार्ड जवानों की तैनाती किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कौंचा डेम बैरीकेटिंग एवं पानी के रिसाव को ठीक किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि मेले को सेक्टरों में विभाजित किया जाये जिससे अगली बैठक सेक्टरवार समीक्षा की जा सके। साथ ही उन्होंने सेक्टर नोडल अधिकारी नियुक्त जाने हेतु आदेश जारी किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

#### वैकल्पिक मार्ग को लेकर स्थल का चिन्हाकंन

उन्होंने करीला पहुंचने हेतु मुख्य मार्ग के अतिरिक्त आवागमन हेतु परिवर्तित बैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था हेतु स्थल का चिन्हांकन किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था हेतु सीसीटीव्ही कैमरे,पीएम सिस्टम एवं खोया पाया केन्द्र स्थापित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि टेंकरों की फिलिंग पाइंट वही पर रहे यह सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने पार्किंग स्थलों पर हाईमास्क लाईट लगाई जाने के निर्देश विद्युत विभाग को दिये।

#### मध्यप्रदेश के मेलों में करीला मेला 5 टॉप में शामिल

धर्मस्य विभाग भोपाल के मेला तीर्थ प्राधिकरण डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि मध्यप्रदेश मे जो मेले लगते है वह करीला मेला टॉप 5 मेला में आता है। उन्होंने कहा कि इस मेले में नवाचार के साथ साथ इस मेले के प्रबंधन को बेहतर बनाने जाने हेतु समय सीमा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समन्वय के साथ एक टीम बनाकर काम करे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश एक मात्र स्थान करीला है जहां पर बधाई नृत्य होता है, बधाई नृत्य को देखने दूर दूर से श्रृद्धालुओं आते है। बैठक में जिला वनमण्डलाधिकारी प्रतिभा अहिरवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर,एसडीएम मुंगावली इसरार खान एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### हाईवे से लगी सरकारी जमीन पर है नजर, 50 मीटर की दूरी में निकाले 3 प्रवेश द्वार

# कॉलोनाइजर की मंशा पर प्रशासन सख्त निजी हितों में नहीं कर पाएंगे उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

किसी निजी कॉलोनी से लगी सरकारी भूमि हो और उस पर कॉलोनाइजर की गिद्ध दृष्टि न हो ऐसा कम ही देखने को मिलता है। वह किसी भी तरह सरकारी भूमि को लाभ अपने निजी हितों को साधने में लगाने के भरसक प्रयास करता है । कुछ यही हाल माचलपुर की विद्याधाम कॉलोनी के कॉलोनाइजर के भी है।

उन्होने बिना किसी अनुमति के 50 मीटर में 3 प्रवेश द्धारा दिए है जिनसे बहां पर मौजूद प्लॉट की कीमत तो बढ ही गई अपितु कॅमर्शियल कॉपलेक्स बनाए जाने के बाद सरकारी भूमि पर वाहन पार्किंग की मंशा नजर आ रही है। करोडों रूपए की सरकारी जमीन के चक्कर में ही पिछले कुछ समय पहले कॉलोनी द्धारा किया गया अवैध अतिक्रमण की बाउंड्री बॉल को प्रशासन ने तोडनें के साथ साथ कॉलोनाइजर पर जुर्माना भी लगाया गयां थां।




राजस्व जमीन पर कब्जा जमाने विद्याधाम कॉलोनी ने 50 मीटर में दिए 3 इंट्रेंस गेट
रेसीडेंसियल कॉलोनी में बना कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स
- नगर पंचायत में भी जमा नहीं की विकास शुल्क, नियमों की उड़ा दी धज्जियां
- प्रशासनिक जुर्माने के बाद भी राजस्व की जमीन पर कर रखा है अतिक्रमण
50 मीटर में 3 प्रवेश द्वार क्यों?
दुकानों की कीमत बढ़ाने राजस्व की जमीन पर किया कब्जा!
नगर पंचायत में विकास शुल्क भी नहीं किया जमा
इनका कहना है

### *विकास शुल्क भी नहीं किया जमा सीएमओ बोले देंगे नोटिस*

*नगरीय क्षेत्र माचलपुर में विद्याधाम कॉलोनी तो डेव्हलप कर ली परंतु नगर पंचायत का विकास शुल्क आज तक नहीं दिया गया। इस बारे में जब सीएमओ देवेन्द्र वत्स से बात की गई तो उन्होनें कहा की इनकी फाइल दिखवा लेते हैं और विकास शुल्क को लेकर जल्दी ही नोटिस जारी किया जावेगा।*

### *नायब तहसीलदार बोले नहीं होने देंगे कब्जा*

*शासकीय जमीन पर कब्जे की बात पर माचलपुर नायब तहसीलदार ने कहा की हमने पूर्व में भी कार्रवाई की है और भविष्य में भी यदि सरकारी जमीन का निजी हितों में उपयोग किया तो कॉलोनाइजर पर कार्रवाई की जावेगी।*

### कंपनियां सीधी भर्तियों पर उपलब्ध

# 12 जनवरी को लगेगा रोजगार मेला 70 कंपनियां आएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में आगामी 12 जनवरी को आयोजित होने वाले रोजगार मेले को लेकर युवाओं में खासे उत्साह का माहौल है। रोजगार मेले हेतु अब तक साढ़े पांच हजार से अधिक युवाओं द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है। इसके साथ ही 70 से अधिक कंपनियां इस रोजगार मेले में सम्मिलित होने जा रही हैं। इन कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। प्रशासन द्वारा रोजगार मेले की तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं।

प्रशासन द्वारा जिले के अधिक से अधिक युवाओं से अपील की गई है कि वे पंजीयन करवाकर रोजगार के अवसर का लाभ उठाएं। जो कंपनियां मेले में सम्मिलित होने जा रहे हैं उनमें एसआईएस लिमिटेड, गुडविल इंडिया मैनेजमेंट ग्रुप ऑफ कंपनी, रिलायंस रिटेल, टेक्नोटास्क, टीम एचआर, एसएमसी इंटीग्रेटेड, विशाल मेगा मार्ट, कैलिब एचआर, टीम लीज, पेटीएम, वीई कमर्शियल भोपाल, सुरना मोटर्स, युवा शक्ति फाउंडेशन, वैकमेट इंडिया लिमिटेड, सागर मैन्युफैक्चरर्स प्राइवेट लिमिटेड, तमोट, रायसेन, अनंत स्पिनिंग मिल्स, रायसेन, परमल्ली वालेस, मंडीदीप, यशस्वी ग्रुप, होम हेल्प सेंटर, मंडीदीप, टेस्ला ट्रांसफॉर्मर प्राइवेट लिमिटेड, आईपीसीए लैबोरेटरीज लिमिटेड, अल्फा प्रोटीन, किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड देवास, कमिंस टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, देवास, आई डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड, एलएंडटी कंस्ट्रक्शन स्किल्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट अहमदाबाद सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं।

### मंत्री टेटवाल, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण

# 12 जनवरी को सारंगपुर में होगा वृहद युवा संगम रोजगार मेला



**सारंगपुर।** 12 जनवरी को सारंगपुर में आयोजित होने वाले वृहद "युवा संगम रोजगार मेले" की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सारंगपुर विधायक डॉ. गौतम टेटवाल, कलेक्टर गिरीश मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले ने कृषि उपज मंडी परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात जनपद पंचायत कार्यालय में अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मेला व्यवस्थाओं, सुरक्षा, पंजीयन, कंपनियों की व्यवस्था, दिव्यांगजनों की सुविधा सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

#### प्रेस कांफ्रेंस में दी गई जानकारी

बैठक के बाद मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि यह रोजगार मेला जिले के युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। अब तक 100 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां मेले में पंजीकृत हो चुकी हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 13,000 पदों पर युवाओं का चयन करेंगी। उन्होंने बताया कि इस मेले में 10वीं उत्तीर्ण से लेकर स्नातक तक की योग्यता रखने वाले 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। 11,000 से युवा पंजीकरण करवा चुके हैं और यह संख्या बढ़ रही है।

#### दिव्यांगजनों को विशेष अवसर

मंत्री टेटवाल ने बताया कि इस मेले में दिव्यांगजनों के लिए भी विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। 8 कंपनियां विशेष रूप से दिव्यांगजनों को रोजगार देने के लिए पंजीकृत हैं। इसके साथ ही 8 जनवरी को दिव्यांगजनों हेतु विशेष कार्यशाला आयोजित की जा रही है, जिसमें उन्हें इंटरव्यू, रोजगार से संबंधित मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### भारत माता के जयकारे गूंजे

# हिंदू सम्मेलन से पहले निकाली गई वाहन रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

आगामी भव्य हिन्दू सम्मेलन के पूर्व नगर में आज विशाल वाहन रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान नगर भारत माता की जय के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण देशभक्ति व धार्मिक उल्लास से भर गया।

वाहन रैली स्थानीय स्टेडियम से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई। युवाओं में खासा जोश देखने को मिला, जिन्होंने हाथों में ध्वज लेकर अनुशासित ढंग से रैली में सहभागिता की। आयोजन समिति के अनुसार रैली का उद्देश्य आगामी 11 जनवरी को आयोजित होने वाले भव्य हिन्दू सम्मेलन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। समिति ने सफल रैली के लिए सभी युवाओं एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया है।

# राशन वितरण में गड़बड़ी करने वाले पूर्व सेल्समैन पर एफआईआर दर्ज

### भोजपुर क्षेत्र के डोरियाखेड़ी राशन वितरण केंद्र का मामला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/राजगढ़

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत पात्र उपभोक्ताओं को राशन का वितरण न करते हुए करीब 10 लाख की गड़बड़ी करने वाले पूर्व सेल्समेन पर खाद्य विभाग ने मुकदमा दायर करवाया है। विभाग के प्रतिवेदन के आधार पर भोजपुर थानाक्षेत्र की डोरियाखेड़ी राशन दुकान के सेल्समेन पर यह एफआईआर दर्ज की गई है।

#### क्या था पूरा मामला

शासकीय उचित मूल्य की दुकान डोरियाखेड़ी के पूर्व विक्रेता रघुनंदन शर्मा द्वारा उनके कार्यकाल के दौरान गेहूं, चावल, नमक, शक्कर की बड़ी मात्रा में गड़बड़ी पाई गई थी। विक्रेता शर्मा द्वारा उनकी दुकान के लिए आवंटित राशन खाद्यान सामग्री का विक्रय पात्र उपभोक्ताओं को न करते हुए अन्यत्र बेचना एवं खुर्दबुर्द किया जाना पाया गया। उक्त प्रकरण की जांच के दौरान पूर्व में भी संबंधित दुकान से जुड़े अन्य विक्रेताओं के विरुद्ध अनियमितता प्रमाणित हुई थी, जिनसे नियमानुसार वसूली की कार्यवाही की गई। जबकि, रघुनंदन शर्मा उनके कार्यकाल में पाए गए खाद्यान अंतर की राशिन 10 लाख 56 हजार 605 रुपए जमा नहीं करवाई गई। ऐसे में विभाग की कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अस्मिता गुप्ता द्वारा प्रकरण से संबंधित समस्त जांच प्रतिवेदन, वसूली आदेश, स्टॉक में अंतर विवरण एवं आवश्यक दस्तावेज पुलिस को सौंपे गए। इस आधार पर भोजपुर थाने में रघुनंदन शर्मा पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत यह प्रकरण पंजीबद्ध किया है। प्रशासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु ऐसे मामलों में सख्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

#### हरिभूमि ने जिले की कई राशन दुकानों में करोडों के घोटाले को किया था उजागर

कोरोना के समय का बताकर ब्यावरा व राजगढ ब्लॉक की कई राशन दुकानों से विभाग के जेएसओं ने हजारों टन राशन पीओएस मशीनों से हटा दिया था। जिसको लेकर तात्कालीन जेएसओ स्वाती वायकर हमेशा जबाब देने से बचती रहीं। खासकर ब्यावरा व राजगढ की राशन दुकानों में ज्यादा राशन पीओएस मशीनों से हटाया गया था उस समय जेएसओ स्वाती वायकर के पास दोनों ब्लॉक का चार्ज था ऐसे में जब उनको इन ब्लॉक से हटने के बाद ही राशन दुकानदारों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। जिले में करोडों के राशन हो हटाने की खबर सबसे पहले हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी परंतु कार्रवाई में लंबा समय लगा।

### ड्राइवर को आई चोट, किया

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर पलटी



**खिलचीपुर न्यूज** - खिलचीपुर में गुरुवार को तेज रफ्तार का खतरनाक नतीजा सामने आया। जालमपुरा गांव के पास बिजली ग्रिड के समीप एक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई और मिट्टी के ढेर पर चढ़ने के बाद उछलते हुए करीब 25 फीट दूर गड्ढे में जा गिरी। हादसे में वाहन चला रहे ड्राइवर के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि साथ बैठा व्यक्ति सुरक्षित बच गया। पचोर निवासी महेश गुप्ता अपने परिवार के साथ सफेद स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक एमपी 09 सीएन 1471 से खिलचीपुर एक मृत्यु भोज कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम में जाने के बाद उनके ड्राइवर होकम चारण स्कॉर्पियो लेकर पास के बरुखेड़ी गांव में अपने मामा से मिलने चले गए। कुछ समय रुकने के बाद वह अपने रिश्तेदार अजय चारण को साथ लेकर वापस खिलचीपुर लौट रहे थे।

#### हवा में उछली कार  दूर जाकर पलट गई

इसी दौरान जालमपुरा बिजली ग्रिड के पास पहुंचते ही वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया। तेज गति से सड़क किनारे पड़े मिट्टी के ढेर पर चढ़ने के बाद स्कॉर्पियो हवा में उछली और सड़क से नीचे गड्ढे में 25 फिट दूर पलट गई। हादसे में खुजनेर थाना क्षेत्र के देवली गांव निवासी ड्राइवर होकम चारण के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि वाहन में सवार अजय चारण को कोई चोट नहीं आई। हादसा होते देख वहां से गुजर रहे एक ग्रामीण ने तत्काल मदद करते हुए वाहन में फंसे दोनों लोगों को बाहर निकाला। घायल ड्राइवर को तत्काल खिलचीपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही वाहन मालिक महेश गुप्ता और उनका परिवार व रिश्तेदार भी मौके पर पहुंच गए। हादसे के बाद कुछ देर तक क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

### तीन घंटे तक बंद कमरों में खंगाली फाइलें

# सारंगपुर सिविल अस्पताल में कलेक्टर का औचक निरीक्षण

### 17 कर्मचारियों की सैलरी काटने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

राजगढ़ जिले के कलेक्टर गिरीश मिश्रा ने सोमवार को सारंगपुर सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्था की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर करीब तीन घंटे तक अस्पताल के विभिन्न कक्षों में फाइलों एवं दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल करते रहे। इस दौरान पोषण पुनर्वास केंद्र, स्टोर शाखा और लेखा शाखा के कक्षों में कमरे बंद कर आवश्यक रिकॉर्ड खंगाले गए। निरीक्षण के समय अस्पताल परिसर में हड़कंप की स्थिति बनी रही। कलेक्टर ने कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कई कर्मचारियों को कड़ी फटकार भी लगाई। निरीक्षण के दौरान एसडीएम रोहित बम्होरे, थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा, नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनेरे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पत्रकारों से चर्चा के दौरान कलेक्टर गिरीश मिश्रा ने बताया कि अस्पताल में कई कर्मचारी नियमित रूप से ऑनलाइन अटेंडेंस दर्ज नहीं कर रहे थे। ऐसे कुल 17 कर्मचारियों की पहचान की गई है, जिनकी सैलरी काटने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उपस्थिति की ऑनलाइन व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाएगा।इसके साथ ही कलेक्टर ने सफाईकर्मियों एवं आउटसोर्स के माध्यम से लगाए गए कर्मचारियों की भी ई-अटेंडेंस अनिवार्य रूप से दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। अस्पताल में भुगतान प्रक्रिया को लेकर भी उन्होंने निर्देश जारी किए कि सभी प्रकार के पेमेंट संबंधित शाखा प्रभारी एवं सीएमएचओ कार्यालय के माध्यम से ही किए जाएंगे। कलेक्टर के इस औचक निरीक्षण से अस्पताल प्रशासन में अनुशासन कायम होने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है और व्यवस्थाओं में सुधार की कवायद तेज हो गई है।

### हरे भरे पेड़ों को काटकर ठिकाने लगाने लाए

# अवैध लकड़ी का मिला जखीरा माफिया के हौसले हो रहे बुलंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास




क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं की सक्रियता एक बार फिर चर्चा में है। ताजा मामला लखनवास स्थित शिवहरे वेयर हाउस के पीछे बडली का है जहाँ भारी मात्रा में अवैध लकड़ी लावारिस हालत में छिपाकर रखी गई है। सूत्रों के अनुसार यह लकड़ी कीमती प्रजातियों की है जिसे हरे भरे पेड़ो को काटकर यहाँ ठिकाने लगाने के उद्देश्य से स्टोक किया जाता है और बादमें यह से ट्रक भर कर बाहर भेजा जाता है।

#### लगभग एक ट्रक बबूल गुराड़ की कीमती लकड़ी

हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी मात्रा में लकड़ी खुले मैदान में लावारिस की तरह पड़ी है लेकिन अभी तक किसी भी विभाग की इस पर नजर नहीं पड़ी। वेयर हाउस के पिछले हिस्से का फायदा उठाकर लकड़ी माफिया ने इसे छिपा दी। रात के अंधेरे में वाहनों की आवाजाही यहाँ कम हो जाती है उस समय अवैध लकड़ी का कारोबार खुलेआम चलता है

#### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

क्षेत्र में इस तरह अवैध लकड़ी का भंडारण होना वन विभाग ओर राजस्व विभाग पर भी सवाल उठता है । क्या विभाग को इसकी भनक नहीं है या जानबूझकर अनदेखी की जा रही है? शिवहरे वेयर हाउस के पीछे लखनवास। अवैध और लावारिस हालत में रखी लकड़ी। वन संपदा की तस्करी और बड़े माफिया का हाथ। वन विभाग और जिला प्रशासन तुरंत मौके पर पहुँचकर लकड़ी को जब्त करे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाया तो क्षेत्र के जंगलों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।

### गुरुवार को 4.6 डिग्री दर्ज किया गया जिले का न्यूनतम तापमान

# दिन में खिली धूप के चलते सर्दी के सितम से हल्की राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पिछले दिनों पूरे प्रदेश में सबसे कम 2.0 डिग्री तक लुढ़का जिले का तापमान अब उछाल मारते हुए 4.6 डिग्री तक पहुंच चुका है। तापमान में उछाल से भीषण सर्दी की मार झेल रहे लोगों में थोड़ी राहत की सांस ली है। इसके साथ ही दिन के समय निकल रही धूप के चलते भी कड़ाके की सर्दी से परेशान लोग काफी हद तक सुकून महसूस कर रहे हैं।

दिन में खिल रही धूप ने पाले के संभावित संकट से जूझ रहे किसानों को भी काफी राहत प्रदान की है। हालांकि, शाम होते ही मौसम का मिजाज बदल रहा है और शाम 6 बजे के बाद से ही सर्दी का फिर से अपना असर दिखा रही है। मौसम विभाग के अनुसार अभी दो-तीन दिन मौसम इसी तरह का बना रहेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों घने कोहरे, कोल्डवेव और भीषण सर्दी को देखते हुए जिला प्रशासन को कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित करना पड़ा था। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा पाले से फसलों को बचाने किसानों के लिए एडवाईजरी भी जारी की गई थी।

#### बीते एक हफ्ते में जिले का तापमान

(तापमान डिग्री/सेल्सियस में)

| | |
|---|---|
| 08 जनवरी | 4.6 |
| 07 जनवरी | 4.5 |
| 06 जनवरी | 2.0 |
| 05 जनवरी | 5.8 |
| 04 जनवरी | 5.0 |
| 03 जनवरी | 8.2 |
| 02 जनवरी | 9.0 |

# हिंदू सम्मेलन के लिए निकाली जा रही प्रभात फेरी का पुष्प बिछा किया स्वागत

### नागरिकों को प्रेरित करने के कर रहे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

आगामी 19जनवरी को आयोजित होने वाले हिन्दू सम्मेलन को लेकर आम नागरिकों को प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रतिदिन प्रातः प्रभात फेरी निकाली जा रही है जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष युवा वर्ग शामिल होकर भक्ति रस में रम रहें हैं। नगर के विभिन्न गली मोहल्लों धार्मिक स्थलों से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही है जिसमें हिन्दू जागृति , भजन कीर्तन करते हुए बड़ी संख्या में महिला पुरुष युवा निकल रहें जो बीच बीच में भगवान के जयकारे लगाते चलते हैं। इस कड़ी में गुरुवार प्रातः नगर के सबसे व्यस्ततम इंदर चैराहा से पुलिस थाना परिसर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर तक धार्मिक भक्तों ने मुख्य रोड़ पर प्रभात फेरी के सदस्यों के लिए पुष्प बिछाकर आत्मिय स्वागत किया तथा सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर चाय पीला कर स्वागत किया।



### 73 वर्ष की आयु में दुर्गाबाई नागर का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



चंपी मोहल्ला निवासी केलाशचंद्र, रमेशचंद्र की भाभी जितेंद्र नागर(राजू) विधायक के निजी सचिव वा विजय नागर की माता दुर्गा बाई नागर का 73 वर्ष की आयु में निधन गुरुवार को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास चंपीमोहल्ला से 12 बजे निकाली गई जो स्थानीय मुक्तिधाम पहुंची जहां पर विधि विधान एवं मंत्र उपचार के साथ उनके जेस्ट पुत्र द्वारा मुखाग्नि दी गई। दुर्गाबाई अपने पीछे भरा पूरा परिवार नाती पंती शंती छोड़कर गई है। स्थानीय मुक्तिधाम परिसर में ब्राह्मण समाज सहित नगर के गणमान्य नागरिक मीडिया कर्मी व परिवार जनों रिश्तेदार नातेदार सहित उपस्थित नागरिकों द्वारा शोकसभा आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।